(C) vaxksa dk mi;ksx rFkk vuqi;ksx **(Use and disuse of organs):** यदि एक अंग कई पीढ़ियों तक लगातार उपयोग में आता है तो यह अधिक विकसित हो जाता है जब कि अनुपयोगी अंग धीरे–धीरे अपह्रासित (अवशेषी) हो जाते हैं।

(D) mikftr y{k.kksa dh o'kkxfr **(Inheritance of acquired characters):** लैमार्क के अनुसार उपार्जित लक्षण एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में वंशागत होते हैं। कई पीढ़ियों तक इन लक्षणों की वंशागति से, ये विभिन्नताये इतनी मात्रा में एकत्रित हो जाती हैं कि इनसे एक नई जाति उत्पन्न हो सकती है।

mnkgj.k :

- ftjkQ dh yEch xnu rFkk vxzikn :

  लैमार्क ने जिराफ का उदाहरण दिया, जिसने ऊँचे पेड़ों की फुनगियों की पत्तियों को चरने के लिये अपने गर्दन की लम्बाई बढ़ाकर अनुकूलन किया। इस लम्बी गर्दन की प्राप्ति की विशिष्टता को उत्तरवर्ती संततियों को प्रदान किया और वर्षों वर्ष बाद जिराफ ने धीरे–धीरे इतनी लम्बी गर्दन को प्राप्त किया।



Diagram showing elongation of neck and forelimbs in giraffe according to Lamarck

- जलीय पक्षियों में अंगुलियों के बीच पाद जाल का विकास।
- साँपों में पैरों का विलुप्त हो जाना।

☞ ykedj us dgk Fkk fd tho :ikas dk fodkl] vaxksa dk mi;ksx ,oa vuqi;ksx dk dkj.k gSvkA vkt bl vVdyckth ij dkbZ fo'okl ugha djrkA

☞ वीजमेन ने चूहे की पूंछों को काट दिया और देखा कि इसके उपरांत भी चूहों की आगामी पीढ़ियाँ सामान्य लम्बी पूंछों के साथ ही पैदा होती रहीं। उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला कि अर्जित गुण (छोटी पूंछ) वंशानुगत नहीं हुआ।

(2) Mkfo|uokn@çkd`frd oj.k dk fl)kr (DARWINISM/Theory of Natural selection)



- चार्ल्स रॉबर्ड डार्विन का जन्म 12 फरवरी 1809 को इंग्लैण्ड में हुआ।
- डार्विन ने **H.M.S. Beagle** नामक समुद्री जहाज से दक्षिण अमेरीका, दक्षिण अफ्रीका, आस्ट्रेलिया और गैलेपोगॉस द्वीप की यात्रा की।
- डार्विन दो पुस्तकों से प्रभावित हुआ -
  - **"Principles of population"** of **Malthus**
  - एक प्रकृति विज्ञानी एल्फ्रेड वॉलेस (जिन्होनें मलयआर्कपेलैगो में काम किया था) ने भी ठीक उसी समय पर, लगभग यही निष्कर्ष निकाले तथा इन्होनें अपने निष्कर्षो को एक चार्ट के रूप में डार्विन को भेजा।
  - यह सिद्धाँत बाद में डार्विन द्वारा अपनी पुस्तक **'On the origin of species by means of Natural selection' (1859)** में विस्तार से समझाया गया।

Mkfo|uokn d| e[; fcUn| (BASIC CONCEPTS OF DARWINSM) -

- 'kk[kuh vojkg.k (Branching descent) तथा çkd`frd oj.k (natural selection) डार्विनवाद की दो मुख्य संकल्पनायें हैं। शाखावत अवतरण (शाखनी अवरोहन) का स्पष्टीकरण समजातता ने किया।
- प्राकृतिक वरण कुछ खास प्रेक्षणों पर आधारित है जो कि तथ्यात्मक है–

(A) vR;f/kd ç tuu (Over production):

- सभी जीव जातियों में संतानोत्पत्ति की प्रचुर क्षमता होती है अर्थात जीव गुणात्मक रूप से अपनी संख्या में वृद्धि करते हैं।
- इस प्रकार यदि हर एक स्वतंत्र जीव अधिकतम प्रजनन करे तो जीव संख्या विस्फोटक रूप से अर्थात चरघांताकी रूप से बढ़नी चाहिये (इस तथ्य को जीवाणुओं की जीवसंख्या की वृद्धि में देखा जा सकता है) परन्तु तथ्य यह है कि वास्तविकता में जीव संख्या का आकार सीमित है।

(B) mUkj thfork d| fy;| l?k"k (Struggle for existence):

- प्राकृतिक संसाधन सीमित है तथा केवल कुछ मौसमी उतार–चढ़ावों को छोड़कर जीव संख्या का आकार स्थिर रहता है जिसका अर्थ है कि जीवों में संसाधनों के लिये प्रतियोगिता होती है। केवल कुछ ही दूसरों की कीमत पर उत्तरजीवित रह पाते हैं जो कि स्वयं नहीं फल–फूल (उन्नति कर) सकते हैं। इसे mUkj thfork d| fy;| l?k"k कहा जाता है।
- यह तीन प्रकार का होता है -
  - **(i)** l tkrh; l?k"k **(Intra specific struggle):**एक ही जाति के सदस्यों के बीच होता है। यह सबसे तीव्रतम संघर्ष होता है।
  - **(ii)** vUrj tkrh; l?k"k **(Inter specific struggle):** यह भिन्न जाति के सदस्यों के मध्य होने वाला संघर्ष है। यह कार्बनिक विकास के लिए प्रमुख बल है।
  - **(iii)** okrkoj.kh; l?k"k **(Environmental struggle):** वर्षा, बाढ़, सूखा, भूकम्प, सर्दी, गर्मी आदि से संघर्ष।

(C) fofHkUurk,| vkj o'kkxfr (Variations and heredity):

- एक जीवसंख्या के सदस्य लक्षणों में भिन्न होते हैं (वस्तुतः दो समष्टियाँ एक जैसी नहीं होती है।), यद्यपि ऊपरी तौर पर वे एक जैसे दिखते हैं। अर्थात प्रत्येक जीव संख्या में विभिन्नताएँ निहित होती है।
- ऐसी भिन्नताएँ जो जीव को प्राकृतिक परिस्थितियों (जलवायु, भोजन, भौतिक कारक) आदि में जीवित रह सकने के योग्य बनाती हैं, vuqdwyh@ykHkdkjh; d fofHkUurk,| कहलाती हैं जब कि अन्य gkfudkjd fofHkUurk,| कहलाती हैं।
- डार्विन की नूतनता एवं वैचारिक प्रगल्भता का अंर्तविचार यह था कि उन्होनें दावा किया कि विविधताएँ जो वंशागत होती हैं और जो कुछ एक के लिये संसाधनों की उपयोगिता बेहतर बनाती है (पर्यावरण से बेहतर अनुकूलन करती है) केवल उन्हें ही इस योग्य बनाती है कि वे प्रजनन करें और अधिकाधिक संतति छोड़ जाएँ।

(D) çkdfrd oj.k@;kX;Ùke dh mÙkjthfork **(Natural selection/ Survival of the fittest):**

- अधिक लाभदायक (अनुकूली) भिन्नताओं युक्त जीवऋ कम अनुकूली भिन्नताओं युक्त जीवों की तुलना में ''अधिक योग्य'' (better fit) होते है। इस प्रकार ऐसे जीव जो वातावरण में अधिक योग्य होते हैं, प्रकृति द्वारा वरण कर लिये जाते हैं तथा अन्य जीवों की अपेक्षा अधिक संतति उत्पन्न करते हैं। डार्विन ने इसे çkdfrd oj.k **(natural selection)** नाम दिया और इसे विकास के प्रतिमान के रूप में लागू किया।
- vuqdwyu 'kh yrk vkj çdfr }kjk oj.k dk vfre ifj.kke mi;Drrk gkrh gA
- डार्विन के अनुसार उपयुक्तता का अर्थ केवल tuu lkeF;h mi;Drrk **(reproductive fitness)** ही है।
- ऐसा देखा गया है कि किसी जीवसंख्या के सभी व्यस्क जीवों को संगम के समान अवसर प्राप्त नहीं होते हैं। मादा द्वारा कुछ बेहतर लक्षणों वाले (Phenotype) नरों को प्राथमिकता दी जाती है। इसे ykfxd oj.k **(Sexual selection)** कहते हैं।

(E) ubZ tkfr dh mRifÙk **(Origin of New species):**

- वंशागत विभिन्नताओं और प्राकृतिक वरण के परिणामस्वरूप जीव संख्या की विशिष्टताओं (लक्षणों) में परिवर्तन आते हैं तथा इस तरह नये स्वरूप प्रकट होते हैं।

Mkfo Zuokn dh vkykspuk **(Criticism of Darwinism) :**

- कमियाँ ये थी कि :
  - (1) डार्विन विभिन्नताओं के कारण, उत्पत्ति तथा o'kkxfr **(inheritance)** का कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे पाया।
  - (2) इस सिद्धाँत ने ;kX;Ùke dk vkxeu **(arrival of fittest)** की व्याख्या नहीं की।
  - (3) डार्विन अवशेषी अंगों की उपस्थिति को नहीं समझा पाया।
  - (4) डार्विनवाद की आलोचना ykfxd oj.k **(sexual selection)** पर भी आधारित थी। लैंगिक वरण ऐसे लक्षणों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जो जीव की जननिक सफलता को तो बढ़ाते है परन्तु उत्तरजीविता को आवश्यक रूप से नहीं बढ़ाते। मोर के पंख तथा बारहसिंगा के सींग लैंगिक वरण द्वारा तैयार किए गए ऐसे ही लक्षण है जो संगम साथी को आकर्षित कर जननिक सफलता में योगदान देते है।

ykekdokn rFkk Mkfo Zuokn dh rqyuk **(Comparison of Lamarckism and Darwinism)**



(3) mRifjorlu fl)kr (Mutation theory)

- यह सिद्धांत ह्युगो डी वेरीज ने lk/; fiejkt (***Oenothera lamarckiana***) नामक पादप पर किये गये प्रयोगों के आधार प्रतिपादित किया।
- जीव संख्या में अचानक होने वाले बड़े परिवर्तनों को उत्परिवर्तन कहते है। वास्तव में उत्परिवर्तन, जननिक पदार्थ (DNA) में सहसा होने वाले परिवर्तन है अतः ये सभी वंशानुगत होते हैं।
- पुनर्योजन के अलावा उत्परिवर्तन ही वह दूसरी घटना है जो DNA में विभिन्नताएँ ला सकती हैं।
- उत्परिवर्तन विभिन्नताओं के असतत् स्त्रोत हैं तथा उद्विकास का कच्चा माल है।
- ह्युगो डी वेरीज का मत था कि ये बड़े उत्परिवर्तन ही विकास के कारण हैं ना कि डार्विन द्वारा बताई गई छोटी–छोटी विभिन्नतायें।
- उत्परिवर्तन ;knfPNd और vfn'kkRed होते हैं जबकि डार्विन की विविधताएँ NksVh और fn'kkRed होती हैं।
- डार्विन के लिये विकास एक धीमी क्रमबद्ध प्रक्रिया है जबकि डी वेरीज के अनुसार उत्परिवर्तन ही प्रजाति (स्पीशीज) की उत्पत्ति का कारण है। इन्होनें इसे lkYVs'ku ¼fo'kky mRifjorlu dk cMk dne½ कहा है।
- ह्युगो डी वेरीज के अनुसार विकास एक vpkud gkus okyh **(Jerky)** तथा vlrr प्रक्रिया है।

vkykpuk (Criticism) -

- प्राकृतिक उत्परिवर्तन उतनी सामान्य प्रक्रिया नहीं है जैसा कि ह्युगो डी वेरीज ने सोचा था।
- उत्परिवर्तन सामान्यतः viHkkoh तथा gkfudkjd होते हैं जबकि उद्विकास में भाग लेने वाले लक्षण सामान्यतः प्रभावी होते है।

BEGINNER'S BOX — LAMARCKISM, DARWINISM

1. लैमार्कवाद का मूल आधार क्या था :
(1) उपार्जित लक्षणों की वंशागति (2) योग्यतम की उत्तरजीविता
(3) प्राकृतिक वरण (4) भिन्नाताएँ

2. डार्विन ने जातियों की उत्पत्ति की व्याख्या किस प्रकार की ?
(1) संकरण (2) उत्परिवर्तन (3) उपार्जित लक्षण (4) प्राकृतिक चयन

3. किस समुद्री जहाज पर डार्विन ने प्रकृति का अध्ययन किया ?
(1) बीगल (2) सेन्चुरी (3) सीगल (4) नॉरवे

4. डार्विन किस के कार्य से प्रभावित हुए ?
(1) मॉल्थस (2) वॉलेस (3) लैमार्क (4) (1) एवं (2) दोनों

5. कार्बनिक विकास की क्रिया को सर्वप्रथम समझाने का प्रयास किसने किया :
(1) हेकल (2) डीब्रीज (3) लैमार्क (4) डार्विन

6. डार्विन की सबसे बड़ी कमी थी :
(1) जीवन संघर्ष की व्याख्या न होना (2) योग्यतम के कारणों की व्याख्या न होना
(3) भिन्नाताओं के कारणों की व्याख्या न होना (4) सन्तानोत्पत्ति की प्रचुर क्षमता की व्याख्या न होना

7. पुस्तक "फिलास्फी जूलोजीक" 1809 में छपी थी। इसके लेखक का नाम है :
(1) डार्विन (2) लैमार्क (3) डी–ब्रीज (4) मैण्डल

8. जैव–विकास के सम्बन्ध में ह्यूगो डी–वेरीज द्वारा प्रस्तुत उत्परिवर्तन मत के सम्बन्ध में किस पर प्रयोग किया गया ?
(1) मटर (2) फलमक्खी (3) चीनी गुलाब (4) संध्या प्रिमरोज

9. ''ऑरिजिन ऑफ स्पिशिज बाई नेचुरल सलेक्शन'' (प्राकृतिक चयन द्वारा जाति की उत्पत्ति) पुस्तक का प्रकाशन 1859 में किस वैज्ञानिक द्वारा किया गया ?
(1) लेमार्क (2) डार्विन (3) वॉलेस (4) ऑपेरिन

(4) uoMkfoluokn@dkcfud fodkl dk vk/kfud la'y"k.kkRed fl)kar (NEODARWINISM/ MODERN SYNTHETIC THEORY OF ORGANIC EVOLUTION)

- नवडार्विनवाद, डार्विनवाद का ही एक रूपान्तरित रूप है, जिसमें LVfcUl] MkCtUldh] lhoy jkbV आदि की खोजों को सम्मिलित किया गया है।
- इस सिद्धांत के अनुसार निम्न कारक नई जाति की उत्पत्ति के लिये उत्तरदायी होते है -

(A) rho xq.ku **(Rapid multiplication)**

(B) lhfer Hkkstu vkSj vkokl **(Limited food and space)**

(C) mUkj thfork dh fy;s la?k"kZ **(Struggle for existence)**

(D) tufud fofHkUurk,a **(Genetic variations)**

(i) thu iquZla;kstu **(Gene recombination)** - जीन विनिमय (Crossing over) के कारण।

(ii) mRifjorZu **(Mutation)** - विभिन्नताओं का असतत् स्त्रोत

(iii) ladj.k **(Hybridization)** - यह ऐसे जीवों के बीच संयोजन होते हैं जो एक दूसरे से एक या अधिक लक्षणों में आनुवांशिक रूप से भिन्न होते हैं।

(iv) thu iyk;u o thu izokg **(Gene migration & Gene flow)** - जब जीव संख्या का स्थान परिवर्तन होता है तो जीन आवृत्तियाँ भी बदल जाती है। यह परिवर्तन मौलिक तथा नई दोनों जीव संख्याओं में होता है। नई समष्टि में नई जीनें और एलीलें (युग्मविकल्पी) जोड़ दी जाती हैं और पुरानी समष्टि से ये घट जाती हैं।
यदि यह जीन स्थानांतरण बार–बार होता है तो जीन प्रवाह संभव हो जाता है।

(v) vkuqofa'kd viokg@thu fopyu **(Genetic drift)** - यदि जीन आवृति में परिवर्तन संयोगवश होता है तो इसे आनुवंशिक अपवाह कहते है।

(E) izkd`frd oj.k **(Natural Selection) :** प्राकृतिक वरण वह प्रक्रम है, जिसमें अधिक जीवनक्षम वंशानुगत विविधता को जनन के अधिक अवसर मिलते है और संताने अधिक संख्या में उत्पन्न होती हैं। तार्किक विश्लेषण हमें विश्वास दिलाता हैं कि विभिन्नताओं का परिणाम होता है– जीन आवृति या अलील का आगामी पीढ़ी में परिवर्तन। जनन की सफलता के सहारे से प्राकृतिक वरण इसको भिन्न समष्टि का आभास दे देता है।

(F) iFkDdj.k **(Isolation) :** कुछ अवरोधों द्वारा जीवसंख्याओं के बीच अंतः प्रजनन नहीं होने देना ही पृथक्करण कहलाता है। विशेष अवरोधों के कारण जीवसंख्याओं के बीच जननात्मक पृथक्करण (Reproductive isolation) के कारण नई जाति का निर्माण होता है।

vkuqofa'kd viokg (Genetic drift / Sewall Wright effect)

- किसी जनसंख्या में जीन/अलील आवृतियों में la;ksx'k **(by chance)** यादृच्छिक रूप से होने वाले परिवर्तन को आनुवंशिक अपवाह (Genetic drift) कहते हैं।
- यह NksVh tula[;k में शीघ्रता से संचालित होता है।
- संस्थापक प्रभाव तथा बोटलनेक प्रभाव, जेनेटिक ड्रिफ्ट के दो रूप है।

(a) laLFkkid izHkko **(Founder effect)**

जब जीव संख्या का कोई भाग, मौलिक जीव संख्या से पृथक अथवा प्रवासित होता है तो अलील आवृति में परिवर्तन के कारण यह पृथक्कृत भाग, आनुवंशिक रूप से मौलिक जीव संख्या से भिन्न होता है क्योंकि इसके जीन पूल में कुछ अलील की आवृति बहुत कम हो सकती है अथवा कुछ अलील पूर्णतया अनुपस्थित भी हो सकते हैं।
कभी–कभी अलील आवृति का यह परिवर्तन समष्टि के नये नमूने में इतना भिन्न हो जाता है कि वह नूतन प्रजाति (स्पीशीजो) ही बन जाती है। मौलिक अपवाहित समष्टि laLFkkid **(Founder)** बन जाती है और इस प्रभाव को संस्थापक प्रभाव कहा जाता है।

(b) ckVyud izHkko **(Bottleneck effect)**

बोटलनेक प्रभाव, वातावरणीय कारकों यथा भूकंप, ज्वालामुखी, बाढ आदि के कारण जनसंख्या के आकार में तीव्रता से होने वाली कमी है।

यदि प्राकृतिक आपदा से गुजरने वाली कोई जीवसंख्या अंततः अपने आकार को पुनः प्राप्त करती है तो इसमें लम्बे समय तक आनुवंशिक विभिन्नताओं का स्तर काफी निम्न हो सकता है और यह एक नई जाति उत्पन्न कर सकती है।

- आवास विखंडन और आनुवांशिक प्रवाह (genetic drift) ने नयी जाति की उत्पत्ति में सहायता की ओर उद्विकास संभव हो सका।

gkMh&ohucxZ fu;e **(Hardy-Weinberg Principle)**

- किसी जीवसंख्या में किसी जीन अथवा विस्थल (Locus) के युग्मविकल्पी (Allele) के प्रकट होने की आवृति स्थिर होती है तथा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक समान रहती है।
- यह नियम कहता है कि ;kfPNd :i ls lxe dju okyh **(Randomly mating)** किसी जनसंख्या में अलील आवृतियाँ स्थिर होती है तथा पीढ़ी दर पीढ़ी नियत बनी रहती है। thu dks'k (जीव संख्या में उपस्थित कुल जीन तथा उनके युग्मविकल्पी) सदैव अपरिवर्तनीय रहते हैं। इसे vkuqoa'kd larqyu **(Genetic equilibrium)** कहते है। सभी अलील आवृतियों का योग 1 होता है।

  $p + q = 1$

  जहाँ : p – प्रभावी अलील (A) की आवृति

  q – अप्रभावी अलील (a) की आवृति
- इस समीकरण का द्विपदीय विस्तार

  $p^2 + 2pq + q^2 = 1$

  जहाँ : p^2 – AA जीनोटाईप वाले जीवों की आवृति

  q^2 – aa जीनोटाईप वाले जीवों की आवृति

  2pq – Aa जीनोटाईप वाले जीवों की आवृति
- जब नापी गई आवृति, अपेक्षित मान से भिन्न होती है तो यह भिन्नता (दिशा) विकासीय परिवर्तन की व्यापकता का संकेत देती है। आनुवंशिक साम्यता अथवा हार्डी वीनबर्ग साम्यता में विभिन्नता (जैसे कि एक जीव संख्या में अलील की आवृति में परिवर्तन) के परिणामस्वरूप विकास होता है।
- पाँच घटक हार्डी–वीनबर्ग साम्यता को प्रभावित करते हैं। ये है –

  1. जीन पलायन या जीन प्रवाह
  2. आनुवंशिक विचलन
  3. उत्परिवर्तन
  4. आनुवंशिक पुनर्योजन
  5. प्राकृतिक वरण

ikdfrd oj.k (Natural Selection)

ikdfrd oj.k dk mnkgj.k (Examples of Natural Selection) -

(1) vkS|ksfxd d".krk **(Industrial Melanism) :** इस घटना का अध्ययन cukM dVyoy द्वारा इंग्लैण्ड में किया गया।



(a) (b)

श्वेत पंखों और काले पंखों वाले शलभों के वृक्ष के तने पर के चित्र (a) प्रदूषण रहित और (b) प्रदूषित क्षेत्रों में

NCERT XII Page No. 127, Figure No. 6.4

- औद्योगिकरण से पहले (1850 ई. में) शलभों ¼fcLVu fcVyfj;k½ के एक संग्रह में यह प्रेक्षित किया गया कि पेड़ों पर श्वेत पंखी शलभ गहरे वर्णो के शलभों की अपेक्षा संख्या में अधिक थे।
- उसी क्षेत्र में औद्योगिकरण के पश्चात् (1920 ई. में) किये गये संग्रह यह संकेत देते है कि अब गहरे रंग के शलभ अतिसंख्यक थे अर्थात् अनुपात उल्टा हो गया था।
- इस प्रेक्षण का स्पष्टीकरण इस प्रकार दिया गया कि foi;k'kh i"BHkfe e ijHk{kh] 'kyHkksa dk vklkuh ls igpku yrs gSA
- औद्योगिकीकरण से पूर्व वृक्षों पर श्वेत लाइकेन उगा करते थे और इस पृष्ठभूमि में श्वेत शलभ बच जाते थे और काले शलभ शिकारियों की पकड़ में आ जाते हैं।
- ykbdu vkS|ksfxd inw"k.k ds lpd gksrs gSA ये प्रदूषित स्थानों में नहीं उगते है।
- औद्योगिकीकरण के बाद वाली अवधि में उद्योगों के धुँए और कालिख के कारण पेड़ों के तने काले पड़ गये। इस कारण शलभों के शिकार करने वाले प्राणियों की निगाह से काले शलभ बच गये और श्वेत शलभ अधिक मारे गए।
- इस प्रकार जो शलभ छद्मावरण करने में सक्षम थे, उन्होनें खुद को पृष्ठभूमि में छुपा लिया और उत्तरजीवित हुए।
- इस मान्यता को समर्थन इस तथ्य से मिलता है कि ग्रामीण इलाकों में जहाँ औद्योगिकरण नहीं हुआ, अश्वेत शलभों की संख्या कम थी।
- इससे यह सिद्ध होता है कि मिश्र जीव संख्या में जो अनुकूलित हो जाते हैं, वे बचे रहते है और उनकी संख्या बढ़ती है। ध्यान रहे कि किसी भी जीव का पूर्ण विनाश नहीं होता है।

(2) vk"kf/k ifrjk/kdrk **(Drug resistance) :** औषधियाँ जो रोगजनक को नष्ट करती है समय के साथ अप्रभावी होती जा रही है क्योंकि रोगजनक जाति के जो सदस्य इनको झेल लेते है, वे जीवित रहते हैं, पनपते हैं और प्रतिरोधी समष्टि का उत्पादन करते है।

- शाकनाशकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग के परिणाम स्वरूप कम समयावधि में केवल प्रतिरोधक किस्मों का चयन हुआ। ठीक यही बात सुक्ष्मजीवों के प्रति भी सही साबित होती है जिनके लिये हम प्रतिजैविक (एण्टीबायोटिक) या अन्य दवाईयों को यूकैरियोटिक जीवों/कोशिकाओं के प्रति इस्तेमाल करते हैं। बहुत जल्द ही, शताब्दियों में नहीं अपितु महीनों और वर्षो की कम समयावधि में ही प्रतिरोधक जीव/कोशिकाएँ प्रकट हो रही है। यह ekuokn Hkoh fØ;kvk **(Anthropogenic action)** द्वारा विकास का एक उदाहरण है।
- यह हमें बताता है कि निश्चयवाद (Determinism) के अर्थ में विकास एक प्रत्यक्ष (Directed) प्रक्रिया नहीं है। यह एक ikl Hkko; **(Stochastic)** प्रक्रम है, जो प्रकृति में अवसरवादी घटना और जीवों में संयोगजन्य उत्परिवर्तन पर आधारित है।

vuqdyu@ikdfrd oj.k dk vkuoaf'kd vk/kkj
(GENETIC BASIS OF ADAPTATIONS/NATURAL SELECTION)

- विकास के डार्विन सिद्धांत का मूल तत्व प्राकृतिक वरण है। नये स्वरूपों के प्रकटन की दर जीवन चक्र या जीवन अवधि से सम्बद्ध है। सुक्ष्मजीव जो तेजी से विभाजित होते हैं वो बहुगुणन कर कुछ ही घंटो में करोड़ों की व्यष्टि बना लेते हैं।
- जीवाणुओं की एक कोलोनी (माना A) एक विशेष माध्यम से वृद्धि करती है क्योंकि उसमें भोज्य पदार्थों के घटक को उपयोग करने की क्षमता निहित है। अब माध्यम के संगठन में किया गया कोई भी बदलाव जीव संख्या का केवल वही भाग (माना B) सामने लायेगा जो उन नई परिस्थितियों में स्वयं को उत्तरजीवित रख सके। इसी समयावधि के दौरान यह परिवर्तन वाली समष्टि (B) अन्यों से बाजी मार लेती है और एक नई प्रजाति के रूप में प्रकट होती है। यह कुछ ही दिनों के भीतर होता है। ठीक यही बात एक मछली या कुक्कुट में लागू होने के लिए लाखों वर्ष लेगी क्योंकि उनकी जीवन अवधि वर्षो लम्बी होती है। यहाँ पर हम यह कह सकते है कि A की अपेक्षा B की उपयुक्तता बेहतर है।
- उपयुक्तता अथवा अनुकूलनशीलता उन विशिष्टताओं पर आधारित होती है जो वंशानुगत होती है। इसका एक आनुवंशिक आधार होता है। vr% p;fur gkuk rFkk fodkl gsrq fuf'pr gh ,d vkuoaf'kd vk/kkj gkuk pkfg;sA सूक्ष्मजीवों पर किये गये प्रयोग दर्शाते हैं कि जब पूर्व विद्यमान लाभकारी उत्परिवर्तनों का वरण होता है तब परिणामस्वरूप नए फीनोटाइपों (दृश्य प्रारूपों) का आविर्भाव होता है। कुछ पीढ़ियों के बाद यही नई जाति की उत्पत्ति में परिणित होता है। प्राकृतिक वरण से विकास अपने वास्तविक अर्थ में तब शुरू हुआ होगा, जब जीवन के कोशिकीय रूपों ने अपनी चयापचयी क्षमताओं की विभिन्नता के कारण अपना जीवन आरंभ किया होगा।

yhMjcxl dk jIyhdk IyV i;kx (Lederberg's Replica plate experiment)



- Joshua Lederberg तथा Esther Lederberg द्वारा सम्पन्न किया गया।
- उन्होनें कुछ जीवाण्वीय कोशिकाओं को अगार प्लेट पर संवर्धित कर बहुत सी जीवाण्वीय कोलोनियाँ तैयार की। इस बहुकोलोनी युक्त प्लेट को ekLVj IyV कहा गया।
- उन्होनें मखमल से ढके लकड़ी के एक ब्लॉक पर इस प्लेट को हल्के से दबाकर, मास्टर प्लेट की एक jIyhdk तैयार की।
- अब उन्होनें उन अगार प्लेटों पर रेप्लीका बनाने की कोशिश की जो एंटीबायोटिक पेनिसिलिन युक्त थी। यह देखा गया कि कुछ जीवाणु पेनिसिलीन अगार प्लेट पर वृद्धि करने में असफल रहे जब कि कुछ जीवाणु वृद्धि करने में सक्षम रहे और नई कोलोनी विकसित की।
- यह निष्कर्ष निकाला गया कि जो जीवाणु जीवित रहे वे पेनिसिलीन प्रतिरोधी थे क्योंकि उनमें पेनिसिलीन प्रतिरोधी उत्परिवर्ती जीन था जिसने जीवाणुओं को परिवर्तित वातावरण में जीवित रहने के योग्य बनाया।
- इसका अर्थ है कि उत्परिवर्तन पूर्व अनुकूलित (Pre adaptive) होते है तथा प्राकृतिक वरण पीढी दर पीढी उन्हें जनसंख्या में स्थिर करवाता है।
- प्राकृतिक वरण की इकाई एक lnL; **(Individual)** है।
- उद्विकास की इकाई tuli[;k **(Population)** है।

d`f=e p;u (Artificial Selection)

कृत्रिम चयन प्राकृतिक वरण के ही समान है केवल इसमें प्रकृति का स्थान मानव द्वारा, मानव उपयोगी लक्षणों के विकास के लिये ले लिया जाता है।
मनुष्य ने पादपों एवं पशुओं को कृषि, बागवानी, खेल तथा सुरक्षा के लिए चुना और बहुत सारे जंगली जानवरों को पालतू बनाया तथा खेती–फसलें उगाईं। इन सघन प्रजनन कार्यक्रमों द्वारा नस्लें तैयार हुईं जोकि अन्य वंश प्रकारों से भिन्न थीं (जैसे कुत्ता), लेकिन फिर भी वह उसी समूह से है।
;g rdl fn;k tk jgk g fd ;|fi eu"; lk lky d Hkhrj ubl uLy iuk dj ldrk g tcfd çÑfr ;gh dk;l yk[kk&yk[k o"k e D;k ugh dj ldrh\

ikdfrd oj.k d idkj (Types of Natural Selection)

(A) LFkk;hdkjh oj.k **(Stabilizing selection) :**

- यह मध्यावर्ती लक्षणों को बढ़ावा देता है तथा पराकाष्ठा वाले लक्षणों के विरूद्ध कार्य करता है। शिखर ऊँचा और संकीर्ण होता है क्योंकि अधिक सदस्य मध्यमान को प्राप्त करते है।
  उदाहरण – नवजात शिशुओं का वजन : जन्म के समय शिशुओं का बहुत कम अथवा बहुत अधिक वजन स्वास्थ्य सम्बन्धी खतरों को बढ़ावा देता है। जबकि सामान्य वजन वाले शिशु तुलनात्मक रूप से अधिक स्वस्थ होते है।

(B) fn'kkRed oj.k **(Directional/ Progressive selection) :**

- यह एक पराकाष्ठा पर उपस्थित लक्षणों वाले जीवों को बढ़ावा देता है जो समय के साथ जनसंख्या के लक्षणों को एक दिशा में विस्थापित कर देता है। शिखर एक दिशा में विस्थापित हो जाता है क्योंकि अधिक सदस्य मध्यमान के अलावा अन्य मान को प्राप्त करते हैं।
  उदा. औद्योगिक क्रान्ति (1920) के दौरान पेपर्ड मॉथ – गहरे रंग वाले मॉथ अधिक प्रभावी हो गये थे क्योंकि वे स्वयं को धुएँ और कालिख से ढके हुए पेड़ों पर छद्मावरित कर पाते थे। जबकि श्वेत रंग वाले मॉथ आसानी से शिकारीयों द्वारा शिकार हो गये।



(a) LFkk;hdkjd **(b)** fn'kkRed vkj **(c)** fonkjd y{k.kksa ij ikdfrd oj.k dh lfØ;k dk vkjs[kh ifr:i.k

NCERT XII Page No. 132, Figure No. 6.8

(C) fopfyr@fonkj.k oj.k **(Disruptive selection) :**

यह दोनों पराकाष्ठा पर उपस्थित लक्षणों वाले जीवों को बढ़ावा देता है। जिससे एक जनसंख्या में दो भिन्न लक्षण एक साथ अस्तित्व में रहते है। इस प्रकार के प्राकृतिक वरण के पश्चात दो शिखर प्राप्त होते हैं क्योंकि अधिक सदस्य वितरण वक्र के दोनों सिरों पर परिधीय मान को प्राप्त करते हैं।

उदा. गैलेपेगोस द्विपसमूह पर डार्विन की चिड़ियाँ – बड़ी चोंच वाले पक्षी कठोर बीजों को आसानी से तोड़ पाते थे जबकि छोटी चोंच वाले पक्षी छोटे बीजों को खाने के लिए अनुकुलित थे। यह दो भिन्न आकार वाली चोंच के सहअस्तित्व को बढ़ावा देता है।

tkfr mn~Hkou **(SPECIATION)**

- एक पूर्व जाति से एक या अधिक नई जातियों का बनना जाति उद्भवन कहलाता है। जाति उद्भवन दो प्रकार का होता है –

(A) fo"ken'kt tkfr mn~Hkou **(Allopatric speciation) :** जब एक जाति दो या अधिक भौगोलिक रूप से पृथककृत जनसंख्याओं में बँट जाती है और अंततः ये जनसंख्याएँ नई जातियों का निर्माण करती है तो इसे एलोपैट्रिक जाति उद्भवन कहा जाता है। उदा. डार्विन की फिंचे

(B) len'kt tkfr mn~Hkou **(Sympatric speciation) :** इस प्रकार के जाति उद्भवन में जनसंख्या का कोई भाग, मूल जनसंख्या से जननिक रूप से पृथक हो जाता है। यहाँ बिना भौगोलिक पृथक्करण के नई जाति बनती है।

उदा. यह प्रक्रिया मुख्यतः पादपों में बहुगुणिता के कारण होती है।

fodkl ,d izØe gS vFkok fdlh izØe dk ifj.kke ?

आज हम जो दुनिया देख रहे है, चाहे वह अचेतन हो या चेतन, यह केवल विकास की क्रमिक कहानी है। जब हम दुनिया की इस कहानी की व्याख्या करते हैं तो हम विकास के एक प्रक्रम के रूप में वर्णित करते है। दूसरी तरफ, जब हम पृथ्वी पर जीवन की कहानी का वर्णन करते है, तब हम विकास को प्राकृतिक चुनाव नामक एक प्रक्रम के परिणामों की व्याख्या करते हैं। हम अभी तक पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हैं कि हम विकास और प्राकृतिक चुनाव को एक प्रक्रम के रूप में देखें या फिर अज्ञात प्रक्रमों के अंतिम परिणाम के रूप में।

BEGINNER'S BOX — NEODARWINISM, NATURAL SELECTION, SPECIATION

1. पालतू कुत्तों की नयी नस्लें बनने वाली प्रक्रिया है :

(1) लैंगिक वरण (2) प्राकृतिक वरण

(3) यौवन वरण (4) कृत्रिम वरण

2. किस वैज्ञानिक ने "योग्यतम की उत्तरजीविता" का विचार सबसे पहले प्रस्तुत किया ?

(1) वॉलेस (2) स्पेन्सर

(3) डार्विन (4) मैण्डल

3. भौगोलिक अवरोधकों द्वारा पृथक जातियाँ कहलाती है:-

(1) Allopatric (2) Sympatric

(3) Sibling (4) Endemic

4. जेनेटिक ड्रिफ्ट (अनुवाशिंक विचलन) होता है :-

(1) छोटी आबादी में (2) बड़ी आबादी में

(3) महासागरीय आबादी (4) कभी नहीं होता है

5. औद्योगिक कृष्णता किसका उदाहरण है ?

(1) प्राकृतिक वरण (2) उत्परिवर्तन

(3) जातिय विविधता (4) परभक्षण

6. यदि किसी सितारा मछली में 5 के स्थान पर 6 भुजाएँ हों तो यह किसका उदाहरण है ?

(1) भिन्नाताएँ (2) कायान्तरण

(3) बायोजेनेसिस (4) विकास

7. नव–डार्विनवाद के अनुसार नयी जाति निम्न के द्वारा विकसित होती है :

(1) उत्परिवर्तन

(2) संकरण

(3) उत्परिवर्तन एवम् प्राकृतिक वरण द्वारा

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

8. एक समष्ठि में समयुग्मज प्रभावी जीवों की आवृत्ति प्रदर्शित होती है –

(1) pq द्वारा (2) 2pq द्वारा

(3) p^2 द्वारा (4) $p^2 + q^2$ द्वारा

9. औद्योगिकरण कृष्णता की घटना को देखा गया था –

(1) Russia में (2) Galapagos Islands में

(3) S. Africa में (4) England में

05. ekuo fodkl (HUMAN EVOLUTION)

- मनुष्य मैमेलिया वर्ग के प्राइमेटा गण का सदस्य है।
- प्रथम वास्तविक प्राइमेट o{k etk: **(Tree shrews)** थे, जिनकी उत्पत्ति पेलियोसीन युग में हुई।

ekuo rFkk oueku"k **(Apes)** dh leku mRifÙk dk i{k esa iek.k%

(1) x.klw=h lekurk,a :-

- मानव व चिम्पैजी के गुणसूत्र संख्या 3 और 6 का Banding pattern 100% समान होता है।
- मनुष्य (46) तथा कपियों (48) में गुणसूत्रों की संख्या लगभग समान होती है।
- दोनो में DNA के घटक व DNA की Matching लगभग समान होती है। यह समानता चिम्पैजी के साथ 99% से अधिक, गिब्बन के साथ 94% तथा रीसस बंदर के साथ 88% होती है।



आधुनिक वयस्क मानव, शिशु चिपैंजी और वयस्क चिपैंजी की खोपड़ियों की तुलना

NCERT XII Page No. 137, Figure No. 6.11

(2) शिशु चिम्पैजी की खोपड़ी व्यस्क मानव के साथ अधिक समानता प्रदर्शित करती है अपेक्षाकृत व्यस्क चिम्पैजी की खोपड़ी के।

(3) दोनों में Hb का संगठन समान होता है। मानव तथा गोरिल्ला में केवल एक अमीनों अम्ल का अंतर होता है।

(4) दोनों में AB श्रेणी के रक्त समूह पाये जाते हैं तथा प्लाज्मा प्रोटीन भी समान होते हैं।

(5) दोनों की मादाओं में मासिक चक्र उपस्थित होता है।

(6) दोनों में पूँछ अनुपस्थित तथा हाथ Grasping होते है।

(1) ekuo dk mn~Hko ,oa mf}dkl (Origin and evolution of man)

(A) oueku"k@dfi;ksa dk thok'e **(Ape Fossils)** - लगभग 15 मिलियन वर्ष पूर्व *ड्रायोपिथिकस* तथा *रामापिथिकस* नामक प्राइमेट्स उपस्थित थे। इनका शरीर बालों से भरपूर था तथा ये गोरिल्ला एवं चिम्पैंजी की तरह चलते थे।

(i) ***ड्रायोपिथिकस (Dryopithecus) :*** इसे ekuo rFkk dfi;ksa dk lEefyr iwot माना जाता है।

(ii) ***रामापिथिकस (Ramapithecus) :*** इनके जीवाश्म भारत में शिवालिक पहाड़ियों से खोजे गये हैं।

Note : ***रामापिथिकस*** vf/kd eu";ksa tSlk rFkk ***ड्रायोपिथिकस*** vf/kd oueku"k tSlk FkkA

(B) dfi&ekuo thok'e **(Ape - man fossils) - *ऑस्ट्रेलोपिथिकस***

- इथोपिया तथा तंजानिया में कुछ जीवाश्म अस्थियाँ मानवों जैसी प्राप्त हुई हैं। ये जीवाश्म मानवी विशिष्टतायें दर्शाते हैं जो इस विश्वास को आगे बढ़ाती हैं कि 3-4 मिलियन वर्ष पूर्व मानव जैसे नर वानर (प्राइमेट्स) पूर्वी–अफ्रीका में विचरण करते रहे थे। ये संभवतः ऊँचाई में 4 फुट से बड़े नहीं थे किन्तु वे सीधे खड़े होकर चलते थे।
- **Prof. Raymond Dart** ने **Tuang** (S. Africa) नामक स्थान में प्लीयोसीन काल की चट्टानों से 5-6 वर्ष के शिशु की खोपड़ी का एक जीवाश्म प्राप्त किया और इसे **Tuang baby** नाम दिया। बाद में इसे ***A. africanus*** **(African apeman)** नाम दिया गया।
- लगभग 2 मिलियन वर्ष पूर्व ***ऑस्ट्रेलोपिथेसिन*** संभवतः iwoh vÝhdk dh ?kkl LFkyksa में रहता था।
- साक्ष्य यह प्रकट करते हैं कि वे पत्थर के हथियारों से शिकार करते थे परन्तु Qyksa dk gh Hkkstu करते थे।
- पूर्ण उर्ध्व शरीर तथा द्विपादीय गमन ¼iFke vkfnekuo tks lh/kk [kMk gqvk½
- इसे कपि तथा मानव के मध्य संयोजक कड़ी माना जाता है।

(C) ikxfrgkfld ekuo (Prehistoric Man)

विकासीय परिदृश्य में, *होमो सेपीयन्स* की उत्पत्ति से पूर्व समय–समय पर मानव की अनेक जातियाँ उत्पन्न हुई और विलुप्त हुई। इन विलुप्त प्रजातियों को प्रागैतिहासिक मानव कहते है।

(i) *होमो हेबिलिस (Homo habilis)*

- प्रथम मानव समान पूर्वज
- इनकी कपाल क्षमता **650** से **800cc** के मध्य थी।
- प्रथम मानव जिसने शिकार करने के लिये पत्थरों के औजार बनाना प्रारम्भ किया, इसलिये इसे iFke **tool maker man** अथवा **Handy man** भी कहते हैं।

(ii) *होमो इरेक्टस (Homo erectus) :*

(a) tkok ekuo ***(Homo erectus erectus/ Pithecanthropus erectus):***

- इसके जीवाश्म 1891 में tkok में खोजे गये।
- ये 1.5 मिलियन वर्ष पूर्व विद्यमान थे।
- इनका मस्तिष्क बड़ा, **900cc** कपाल क्षमता युक्त था।
- संभवतः माँस खाते थे।

- iFke ekuo ftlus vkx dk i;ksx शिकार, सुरक्षा और पकाने के लिये किया।

(b) ifdax ekuo ***(Homo erectus pekinensis/Sinanthropus erectus)*:**

- इनके जीवाश्म चीन से W.C. Pei द्वारा खोजे गये।

(c) gkMycxZ ekuo **(Heidelberg man) :**

- इसका जीवाश्म जर्मनी में हीडलबर्ग नामक स्थान से प्राप्त हुआ था।



Java man Peking man

(iii) *होमो सेपीयन्स (Homo sapiens)* :

(a) fu,.MjFky ekuo ***(Homo sapiens neanderthalensis)*:**

- ये 1,00,000 से 40,000 वर्ष पूर्व, पूर्वी व मध्य एशियाई देशों में रहते थे।
- इनके मस्तिष्क का आकार **1400cc** (आधुनिक मानव के समान) था।
- ये अपने शरीर की रक्षा के लिये जानवरों की खाल का प्रयोग करते थे।
- ये अपने e'rdksa dk tehu esa xkM+rs Fks और संभवतः vkRek dh vejrk में विश्वास करते थे।
- बोलने का केन्द्र (Speech centre) तथा भाषा के केन्द्र (Language centre) का विकास प्रारम्भ हुआ।

(b) ØkeXuu ekuo ***(Homo sapiens fossilis)*:**

- इनकी कपाल क्षमता **1650 c.c. (**vf/kdre**)** थी।
- ये xqQkvksa dh nhokjksa ij lqnj fp=dkjh करते थे।
- प्रागैतिहासिक गुफा चित्रों की रचना लगभग **18,000** o"kZ iwo हुई। प्राग ऐतिहासिक मानव द्वारा बनाये गये ऐसे चित्र मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में स्थित भीमबेटका की गुफाओं में देखे जा सकते है।

Neanderthal man

Cromagnon man

(c) vk/kqfud ekuo ***(Homo sapiens sapiens)*:**

- 75,000 से 10,000 वर्ष पूर्व हिमयुग के दौरान आधुनिक युगीन मानव पैदा हुआ।
- यह अफ्रीका में विकसित हुआ और धीरे–धीरे विभिन्न महाद्वीपों में फैला था इसके बाद यह भिन्न प्रजातियों (Caucasoid, Negroid, Mongoloid तथा Australoid) में विकसित हुआ।
- यह आज का मानव **(Man of today)** है जिनकी मस्तिष्क क्षमता 1300 - 1600 c.c **(**vkl ru **1450cc)** है।
- df"k का प्रारम्भ भी इसी मानव द्वारा किया गया।
- कृषि कार्य लगभग **10,000** o"kZ iwo हुआ और मानव बस्तियाँ बनना शुरू हुई।

- व्यक्तिगत प्रजाति के विकास की कहानियों में आधुनिक मानव की विकास कथा सबसे रोचक है और लगता है यह मानव मस्तिष्क और भाषा में विकास के समानांतर चलता है।
- ,UFkkikyksth **(Anthropology) -** मनुष्य के विकासीय इतिहास का अध्ययन।
- bFkkyksth **(Ethology) -** जंतुओं के व्यवहार और इनकी आदतों का अध्ययन।

★ Golden Key Points ★

- ***Homo erectus, Homo sapiens*** का सीधा पूर्वज है।
- ØkeXuu ekuo] vk/kqfud ekuo **(*Homo sapiens sapiens*)** का सीधा पूर्वज है।

BEGINNER'S BOX — HUMAN EVOLUTION

1. *पिथेकेन्थ्रोपस* के जीवाश्म कहाँ से प्राप्त हुए हैं ?

(1) चीन (2) जर्मनी (3) जावा (4) जापान

2. मानव के किस पूर्वज ने सर्वप्रथम दो पैरो पर चलना आरम्भ किया ?

(1) क्रोमेग्नन (2) *आस्ट्रेलोपिथिकस* (3) जावा कपि मानव (4) पेकिंग मानव

3. *होमो इरेक्टस* किसका वैज्ञानिक नाम है ?

(1) आधुनिक मानव (2) निएन्डरथल मानव (3) जावा मानव (4) पेकिंग व जावा मानव

4. आधुनिक मानव का सीधा पूर्वज शायद था :

(1) जावा मानव (2) पेकिंग मानव (3) क्रोमैगनन मानव (4) निएन्डरथल मानव

5. सर्वप्रथम संभावित प्रागैतिहासिक मानव है :

(1) *रामापिथिकस* (2) *होमो हेबिलिस* (3) *आस्ट्रेलोपिथिकस* (4) *सिनेन्थ्रॉपस*

6. प्रागैतिहासिक मानव के सर्वाधिक जीवाश्म किस महाद्वीप से प्राप्त हुए है ?

(1) अफ्रीका (2) यूरोप (3) एशिया (4) अमेरिका

7. किस प्रागैतिहासिक मानव के समय में मुर्दों को गाड़ने की प्रक्रिया आरम्भ हुई ?

(1) पेकिंग मानव (2) निएन्डरथल मानव (3) जावा मानव (4) क्रोमेग्नन मानव

8. क्रोमेग्नन मानव की कपाल गुहा थी :

(1) 900 c.c. (2) 1075 c.c. (3) 1450 c.c. (4) 1600 c.c.

9. सुरक्षा एवं भोजन बनाने के लिए सर्वप्रथम अग्नि का प्रयोग किसने किया ?

(1) निएन्डरथल मानव (2) क्रोमेग्नन मानव (3) जावा मानव (4) पेकिंग मानव

10. चट्टानों पर रंगीन चित्रकारी सर्वप्रथम किसने की ?

(1) क्रोमैगनन मानव (2) जावा मानव (3) पेकिंग मानव (4) निएन्डरथल मानव

BEGINNER'S BOX — ANSWERS KEY

BIG BANG THEORY, THEORIES OF ORIGIN OF LIFE

Que.	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
Ans.	**3**	**1**	**3**	**3**	**3**	**3**	**2**	**1**	**3**	**1**

PALAEONTOLOGICAL EVIDENCES, GEOLOGICAL TIME SCALE

Que.	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
Ans.	**3**	**4**	**3**	**1**	**2**	**1**	**2**	**2**	**2**	**3**

EVIDENCES FROM COMPARATIVE, MORPHOLOGY AND ANATOMY, ADAPTIVE RADIATION

Que.	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
Ans.	**1**	**4**	**4**	**1**	**4**	**4**	**4**	**3**	**1**	**1**

LAMARCKISM, DARWINISM

Que.	1	2	3	4	5	6	7	8	9
Ans.	**1**	**4**	**1**	**4**	**3**	**3**	**2**	**4**	**2**

NEODARWINISM, NATURAL SELECTION, SPECIATION

Que.	1	2	3	4	5	6	7	8	9
Ans.	**4**	**2**	**1**	**1**	**1**	**1**	**3**	**3**	**4**

HUMAN EVOLUTION

Que.	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
Ans.	**3**	**2**	**4**	**3**	**2**	**1**	**2**	**4**	**3**	**1**